**महोत्सव** 75वां रामनवमी महोत्सव शुरू, 23 को निकलेगी रामरथ शोभायात्रा

# बालाजी मंदिर में भक्ति, नृत्य और संगीत की अनूठी छटा



**नवभारत, जबलपुर।** बालाजी मंदिर परिसर में शनिवार शाम भक्ति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। दक्षिण भारतीय भजन सभा और कांची कामकोटि पीठ द्वारा आयोजित 75वें रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक श्रद्धा और सांस्कृतिक रंगों के साथ हुआ। मंदिर परिसर दीपों की रोशनी, फूलों की सजावट और भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सुभाषिनी अय्यर की मधुर गणेश वंदना से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद जय कुमार अय्यर और इंदिरा वरदराजन के भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## सीता स्वयंवर की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं

भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। समृद्धि और सुजाता गोविंद ने 'सीता स्वयंवर' की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। वहीं देवकृति ने 'हनुमान चालीसा' को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान राम विवाह और अन्य पौराणिक प्रसंगों का भी दक्षिण भारतीय शैली में प्रभावशाली मंचन किया गया।

**भक्ति में लीन नजर आए श्रद्धालु**-मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे आयोजन के दौरान भक्ति में लीन नजर आए। अंत में सभा के अध्यक्ष पी. रामन ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 23 मार्च को भव्य रामरथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी भक्तों से शामिल होने की अपील की गई है।।

## इनका कहना है



यह आयोजन हमारी परंपरा और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। यहां आकर मन को अपार शांति मिली।

**प्रेमा श्रीधर**



भजन गाते हुए ऐसा लगा जैसे पूरा वातावरण राममय हो गया हो। यह अनुभव अविस्मरणीय है।

**इंदिरा वरदराजन**



गणेश वंदना प्रस्तुत करते समय जो ऊर्जा और श्रद्धा महसूस हुई, वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती।

**सुभाषिनी अय्यर**



दक्षिण भारतीय नृत्य और भक्ति का यह संगम जबलपुर में देखना गर्व की बात है। ऐसे आयोजन संस्कृति को जीवित रखते हैं।

**कल्याणी वेंकटरमनी**

# पुस्तक मेला में इस बार लगेगा बुक बैंक का स्टॉल

**विद्यार्थियों से पिछले वर्ष की किताबें दान करने का आग्रह**

**नवभारत,जबलपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं।

## आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने नागरिकों, अभिभावकों एवं से भी इस अनूठी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान कर विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

# सदर ईदगाह व बर्फ फैक्टरी क्षेत्र में लगाए जाएं कैमरे

**हिंदू धर्म सेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत,जबलपुर।** केंट थाना रोड पर बर्फ फैक्टरी व ईदगाह क्षेत्र में लगातार अपराधिक गतिविधियों के बढ़ने को लेकर हिंदू धर्म सेना ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में सीसीडी कैमरे लगाए जाने की मांग की है। हिंदू धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया है कि क्षेत्र में हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता है,बाहर से आने वाले तत्वों की सक्रियता के चलते लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। एक माह के भीतर चार दुपहिया वाहन चोरी जा चुके हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लगा है. इसी तरह असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। उन्होंने मांग की है कि जल्द ही ईदगाह व बर्फ फैक्टरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाकर असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए, साथ ही इलाके में स्थाई रूप से रात्रि में पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत, आकाश मलिक, अविनाश सुख दान, मुकेश रजक, मोनू पासी, दिनेश छापेल, रोहित बेन, परमदीप छापेल कार्तिक गुरुंग, अभय राजपूत, प्रशांत, शशांक महोबिया, हिमांशु महोबिया, मोहित कश्यप, हर्षित कोरी, करन गुप्ता, कार्तिक पटेल आदि उपस्थित रहे।

# 150 प्रतिशत तक वसूली का आंकड़ा पार करो, कोताही बर्दाश्त नहीं

**राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करने निगमायुक्त ने दिया अल्टीमेटम**




**जबलपुर।** इस बार निगम का लक्ष्य 120 से 150 प्रतिशत तक राजस्व वसूली सुनिश्चित करना है। संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन परिणामों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। राजस्व विभाग के साथ-साथ अब निगम के सभी विभाग एक टीम के रूप में कार्य करेंगे, सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त और विभागीय प्रमुख स्वयं फील्ड में उतरेंगे और करदाताओं से सीधा संवाद करेंगे। ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई होगी। यह बातें निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। दरअसल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास कार्यों को रफ्तार देने के उद्देश्य से उन्होंने राजस्व वसूली के लिए मिशन मोड में काम शुरू कर दिया है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले लक्ष्य को न केवल हासिल करने, बल्कि उसे पार करने के लिए निगम के पूरे अमले को मैदान में उतार दिया है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करने अल्टीमेटम दिया है। इसके साथ ही भवन, बाजार, कॉलोनी सेल, स्वास्थ्य और जल विभाग के कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। बाजार विभाग के अधिकारियों को भी कार्यों में तेजी लाने और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए राजस्व वृद्धि के सख्त निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने कहा कि करदाताओं द्वारा दिया गया कर सीधे शहर की स्वच्छता, सड़कों और बेहतर जल आपूर्ति जैसे कार्यों में लगाया जाता है। अधिकारियों का घर-घर पहुंचना करदाताओं की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का भी एक जरिया बनेगा। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी करदाताओं से अपील की है, कि अपने बकाया करों का भुगतान समय पर करें और निगम की अप्रिय कार्रवाई से बचें। उन्होंने बताया कि अब मात्र अधिभार रहित बकाया करों की राशि जमा करने के लिए आप सभी करदाताओं के पास 10 दिन शेष हैं। बैठक में सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जुआ फड़ों पर छापे, 15 धराएं

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने जुआ फड़ों पर छापा मारते हुए 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से नकद 5 हजार 425 रूपये जप्त किए गए। टीआई रीतेश कुमार पाण्डे ने बताया कि गाजी मिया मैदान में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे मुमताज अंसारी निनवासी रद्दी चौकी गोहलपुर, शरफराज अहमद निवासी अंसार नगर चौपड़ा, आजाद उर्फ बबलू निवासी गाजीनगर दसनल, मोह. आबिद निवासी नगीना मस्जिद के पास, गुलशेर अहमद निवासी नूर मदीना मस्जिद के पास गको पकड़ा गया। नकद 2 हजार रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार गाजीमिया मैदान में दबिश देते हुये जुआ खेलते सलीम अंसारी, अब्दुल रहीश, मोह. शाहिद, साकिर अंसारी, मोह. अनवार, शहजाद अंसारी को भी पकड़ा गया। नकद 2 हजार 605 रूपये जप्त किये गये। इसी प्रकार नर्मदा नगर बस्ती निर्माणाधीन मकान के सामने घेराबंदी कर रमाशंकर यादव, सिराज अंसारी, नागेन्द्र गुप्ता, त्रिलोक चंद कुशवाहा को दबोचा गया। नगद 820 रूपये जप्त किये गये।

### अवैध गैस रिफिलिंग के काले कारोबार का भंडाफोड़



**जबलपुर।** जैन मंदिर के पास बरेला में अवैध गैस रिफिलिंग के काले कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर से गैस रिफिलिंग करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। टीआई शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली कि जैन मंदिर के पास बरेला में अवैध रूप से गैस सिलेण्डर से वाहन में गैस भरते कृष्ण कुमार सोनकर 59 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया भोई को पकड़ा गया।आरोपी के कब्जे से इंडेन कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर, रिफलिंग मोटर मशीन, रेग्युलेटर, इलेक्ट्रिक वायर, तराजू जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गई।

### सड़क हादसों में एक की मौत, दूसरा घायल

**जबलपुर।** पाटन एवं बरगी में हुए सड़क हादसों में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। पाटन पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर महेन्द्र चडार 49 वर्ष निवासी ग्राम चंदवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके पिता संतोष कुमार 54 वर्ष अपनी टूव्हीलर से ग्राम खमदेही चना एवं गेहू पिसाई कराने जा रहे थे लगभग 11 बजे सहसन पैट्रोलपंप के पास पहुचे तभी पाटन की ओर से आ रही 407 क्रमांक यूपी 15 ईटी 1397 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये आया एंव उसके पिता के वाहन में टक्कर मार दिया जिससे पिता वाहन सहित गिर पडे जिन्हें हाथ पैरों में चोटे आ गयी । इसी प्रकार बरगी पुलिस ने बताया कि सदानंद केन्बी 31 वर्ष निवासी कमाधनाहली थाना चिकवल्लापुरम कर्नाटक ने सूचना दी कि वह ड्राईवरी करता है। उसके साथ के. एन. चेन्ना केशवा 24 वर्ष निवासी काथनेहल्ले थाना सोमनेहल्ली जिला चिकवल्लपुरम कर्नाटक क्लीनर का काम करता था शनिवार सुबह 4-30 बजे हुल्की बरगी के पास एक्सीडेंट होने से के. एन. चेन्ना को मेडिकल कालेज में भर्ती कराये थे जिसकी सुबह 7-30 बजे मौत हो गई।

### सहकारिता मंत्री सारंग का आगमन आज

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का आज सुबह 11 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री सारंग यहाँ विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32 वें विराट युवक-युवती परिचय में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# ईद पर सड़कों पर उतरे एसपी, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जबलपुर।** ईद-उल-फितर के पावन पर्व पर अमन-चैन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने शनिवार सुबह स्वयं शहर के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और फील्ड पर तैनात जवानों का उत्साह बढ़ाया। एसपी सम्पत उपाध्याय ने शहर के ओमती, लार्डगंज, गोहलपुर, हनुमानताल और बेलबाग जैसे प्रमुख क्षेत्रों का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर लगाई गई पुलिस व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो और त्योहार का उत्साह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। कड़कड़ाती ड्यूटी के बीच जब कप्तान खुद जमीन पर उतरे, तो पुलिसकर्मियों का मनोबल भी बढ़ा। श्री उपाध्याय ने धूप और चुनौतियों के बीच तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी हौसला अफजाई की।

# इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण का बोलबाला

**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह से इंदिरा मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग पर इन दिनों अतिक्रमण का बोलबाला है। यहाँ जगह जगह सड़को के किनारे फ्रूट जूस, चाय पान, चाट फुल्की और जूते चप्पलों के साथ साथ कपड़ो की दुकानें सज रही है। मालूम हो कि सड़कों और फुटपाथों पर फैला अवैध अतिक्रमण एक गंभीरसमस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण ट्रैफिक जाम, हादसों में वृद्धि और पैदल यात्रियों को परेशानी का सामनाकरना पड़ता है। हाल ही में जिला प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की है। जिसमें बुलडोजरचलाकर अवैध कब्जे हटाए भी जा रहे थे। लेकिन हालात फिर पुराने ढर्रे जैसे निर्मित हो जाते है। पूर्व में इंदिरा मार्केट और आसपास के इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। जिससे कई अवैध अस्थाई दुकानों काकब्जा भी हटाया गया था।

# स्कूल संचालिका के घर से नकदी और जेवर पार

**जबलपुर।** तिलवारा अंतर्गत शास्त्रीनगर क्षेत्र में स्कूल संचालिका के घर से चोरों ने नकदी और जेवर पार कर दी।पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर विन्ध्यवासिनी तिराहा निवासी श्रीमती आभा दुबे चाइल्ड केयर प्ले नर्सरी स्कूल की संचालिका हैं, उनके पति गंभीर रूप से अस्वस्थ थे, जिन्हें 9 मार्च को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। देखभाल के लिए श्रीमती दुबे और उनका बेटा राहुल अधिकांश समय अस्पताल में ही रहते थे। पूरा परिवार घर में ताला लगाकर अस्पताल चला गया था। 13 मार्च की सुबह करीब 6 :30 बजे जब माँ-बेटा घर वापस लौटे, तो उन्हें मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो हॉल का ताला टूटा हुआ था और बेडरूम की अलमारी का लॉकर काटकर चोरों ने सारा कीमती सामान साफ कर दिया था। पीड़ित पक्ष के अनुसार चोरों ने अलमारी में रखे सोने की एक जोड़ी झुमकी, एक अंगूठी और स्कूल की फीस, बिल्डिंग रेंट फंड सहित बड़ी मात्रा में नकदी चोरी कर ली। इसके अलावा, बेटी काजल का लैपटॉप बैग भी गायब है, जिसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। 15 मार्च को श्रीमती दुबे के पति का स्वर्गवास हो गया। गमी के चलते पीड़ित परिवार ने अब एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

# युवक को चाकू से गोदा

**जबलपुर ।** गढ़ा थाना अंतर्गत पुलिस के मुताबिक सौरभ सिंह बिनोदिया 26 वर्ष निवासी एकता चौक गंगा सागर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9-30 बजे शाहिद खान एवं बिट्टू खान शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, उसने मना किया तो बिट्टू ने उसे पकड़ लिया एवं शाहिद खान ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। पत्नी वैशाली विनोदिया बीच बचाव करने आयी शाहिद ने उसकी पत्नी के पेट में लात मार दिया एवं दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। झगड़ा के दौरान उसका मोबाइल व पत्नी का मंगलसूत्र कहीं गिर गये जो नहीं मिले।

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल

No JBP/C/Cleaning/E-Tender/26,Date 20.03.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी और से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।, **Category-** साफ-सफाई के कोटेशन हेतु ठेकेदारों की अनुमोदित सूची, **Tender Notice No.& Date.-** Approved list1 Dated- 19/03/2026, **Assets Details-** ठेकेदारों की अनुमोदित सूची- जबलपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कोटेशन प्रणाली के माध्यम से संविदा आधार पर सफाई सेवाएं प्रदान करने हेतु पात्रता मानदंड के उद्देश्य से।, **Lot End Date time- 13/04/2026, 15:30,** सभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Works मॉडयूल देखें। लॉट वार विवरण उपर्युक्त कैठलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
सहायक वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करें

**कलेक्टर पहुंचे रांझी अस्पताल, निरीक्षण कर दिए निर्देश**



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह शनिवार को अचानक रांझी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अस्पताल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करें। भ्रमण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, एसडीएम मोनिका बाघमारे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग

क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/26
दिनांक : 18.03.2026

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से डीलवस भुगतान और उपयोग वाले शौचालय का संचालन हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग की IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है **श्रेणी :** पे एंड यूज, **कैटेलाग :** Payuse-BOT-JTW, **एसेट विवरण :** जैतवारा स्टेशन के डीलक्स पे एंड यूज टायलेट (BOT आधारित) के संचालन और रखरखाव का कार्य।, **ऑक्शन प्रारंभ :** 26-03-2026 13:00 hrs, **ऑक्शन समापन :** 26-03-2025 13:30 hrs (1) बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेवसाइट www.ireps.gov.in. देखे।, (2) उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी. एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।, (3) ई-ऑक्शन सम्वन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी. एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।, (4) बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है।, (5) सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करते रहे।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं KUNAL PATHAK S/O GHANSHYAM PRASAD PATHAK यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर N9669419 जारी दिनांक 14/07/2016 में मेरी जन्मतिथि 27/05/1998 दर्ज है जो कि गलत है, जबकि मेरी सही जन्मतिथि 30/03/1998 है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अंकसूची आदि में भी दर्ज है। अतः मेरी सही जन्मतिथि 30/03/1998 को ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।

गलत जन्मतिथि-27/05/1998
सही जन्मतिथि- 30/03/1998
जबलपुर, दिनांक- 21/03/2026

भवदीय
कुनाल पाठक (KUNAL PATHAK)
पता- हाउस नं. 251, आनंद नगर, आधारताल, जबलपुर पिन-482004

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 41/2025-26 — सतना, दिनांक-18/03/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2026_PWDRB _492299_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत उचेहरा परसमनिया दुरेहा मार्ग लंबाई 1/2 से 1/10 एवं 31/2 (100) से 43/6 = 13.50 कि.मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | तृतीय | 03 माह वर्षाकाल सहित | 31352366.00 | 313600.00 | 15000.00 |
| 2. | 2026_PWDRB _492301_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत न्यू रामनगर के आंतरिक मार्ग (ओ.डी. आर.) लंबाई 15.00 कि. मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | तृतीय | 03 माह वर्षाकाल सहित | 31764356.00 | 317700.00 | 15000.00 |
| 3 | 2026_PWDRB _492303_1 | लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना अंतर्गत परफारमेंस गारंटी अंतर्गत विभिन्न मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | द्वितीय | 12 माह वर्षाकाल सहित | 4999929.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB _492304_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत अहिरगांव रामगढ़ मार्ग से किरहाई पहुंच मार्ग लंबाई-1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 04 माह वर्षाकाल सहित | 11570466.32 | 115800.00 | 12500.00 |
| | | योग | | | 79687117.32 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 06.04.2026 सायं 8.00 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग सतना (म.प्र.)

जी-27747/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता